व्याख्या—उपयुक्त स्मारकों का निर्माण के अनुसार सही कालानुक्रम इस प्रकार हैं—

i.	**आगरा किला**	1565
ii.	**फतेहपुरी सीकरी**	1569
iii.	**ताजमहल**	1632
iv.	**इण्डिया गेट**	1931

3. मुगल शासक जिसने 15 वर्ष निर्वासन में बिताए वह था— [Patwar (23.10.2021) Shift II]
(A) बाबर (B) हुमायूँ
(C) अकबर (D) जहाँगीर **[B]**
व्याख्या—नसीरुद्दीन हुमायूं 29 दिसम्बर, 1530 ई. को आगरा में 23 वर्ष की अवस्था में सिंहासन पर बैठा। 27 मई 1540 ई. को बिलग्राम या कन्नौज युद्ध में शेर खाँ से पराजित होने के पश्चात् वह सिंध चला गया। जहाँ उसने 15 वर्षों तक घुमक्कड़ों जैसा निर्वासित जीवन व्यतीत किया।

4. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें :
जहाँगीर के शासनकाल में, कंधार पर इसके कारण पुनः अधिकार नहीं किया जा सका— [Patwar (23.10.2021) Shift I]
1. मुगल सेना की अकुशलता
2. खुर्रम द्वारा उस स्थान पर कूच से इंकार
3. अभियान आयोजित करने में कठिनाईयाँ
4. अफगानिस्तान में प्रचंड ठंड
इनमें से कौन-से वक्तव्य सत्य हैं?
(A) 1, 2 एवं 4 (B) 1, 2 एवं 3
(C) 2, 3 एवं 4 (D) 1, 2, 3 एवं 4 **[C]**
व्याख्या—अकबर का उत्तराधिकारी सलीम हुआ, जो 24 अक्टूबर 1605 को नूरुद्दीन मुहम्मद जहाँगीर बादशाही गाजी की उपाधि धारण कर गद्दी पर बैठा। इसके शासनकाल में 1622 ई. में कंधार मुगलों के हाथ से निकल गया। शाह अब्बास ने इस पर अधिकार कर लिया। जहांगीर द्वारा निम्न कारणों से पुनः इस पर अधिकार नहीं किया जा सका-
- ✧ खुर्रम द्वारा उस स्थान पर कूच से इंकार
- ✧ अभियान आयोजित करने में कठिनाईयाँ
- ✧ अफगानिस्तान में प्रचंड ठंड

5. मुगलों के विरुद्ध हल्दी घाटी का युद्ध किसने लड़ा?
(A) महाराणा प्रताप (B) राणा सांगा
(C) राजा जयसिंह (D) राणा कुम्भा **[A]**

6. अब्दुल हमीद लाहौरी की कृति 'बादशाह नामा' उनके संरक्षक ..... का आधिकारिक इतिहास है—
(A) औरंगजेब (B) शाहजहां (C) हुमायूं (D) जहांगीर **[B]**

7. .... द्वारा फतेहपुर सीकरी को मुगल साम्राज्य की राजधानी के रूप में स्थापित किया गया था?
(A) बाबर (B) अकबर (C) हुमायूं (D) जहांगीर **[B]**

8. मुगलवंश का प्रथम सम्राट कौन था?
(A) जहाँगीर (B) बाबर (C) अकबर (D) हुमायूँ **[B]**

9. 'दीन-ए-इलाही' की शुरुआत किसके शासन में की गई?
(A) बाबर (B) औरंगजेब (C) अकबर (D) हुमायूँ **[C]**

10. ..... भारत की पहली मुस्लिम महिला शासक थी—
(A) नूरजहाँ (B) मिर्जा अल्तुनिया
(C) माहम अंगा (D) रजिया सुल्ताना **[D]**

15 भारत का राजनीति [Polity of India]

भारत संविधान, राजनीतिक व्यवस्था एवं शासन प्रणाली, संवैधानिक विकास

भारत का संवैधानिक विकास

- भारतीय संविधान के ऐतिहासिक विकास का काल सन् 1600 ई. से शुरू होता है। **31 दिसम्बर 1600 ई.** को 100 व्यापारियों ने मिलकर ब्रिटेन में **ईस्ट इंडिया कम्पनी** (EIC) की स्थापना की।
- इंग्लैण्ड की महारानी **एलिजाबेथ प्रथम** ने एक **अधिकार पत्र** (चार्टर) द्वारा 15 वर्षों के लिए व्यापार का अधिकार ईस्ट इंडिया कम्पनी को दिया जिसे **1600 ई. का चार्टर** कहा जाता है।
- कम्पनी के भारत में शासन की समस्त शक्ति **गवर्नर और उसकी परिषद** (जिसमें 24 सदस्य थे) को सौंप दी गई। इसे गवर्नर और उसकी परिषद की संज्ञा दी गई।
- ईस्ट इंडिया कम्पनी की ओर से व्यापारिक स्वीकृति के लिए भारत में आने वाला प्रथम अंग्रेजी राजदूत **विलियम हॉकिन्स** (1608 ई.) था, उस समय भारत के सम्राट **जहाँगीर** थे।
- 1615 में इंग्लैण्ड के **राजा जेम्स** का राजदूत **सर टॉमस रो** भारत आया। 10 जनवरी, 1616 को अजमेर में उसकी मुलाकात जहाँगीर से हुई।
- 1700 ई. में अंग्रेजों ने बंगाल में **फोर्ट विलियम** और **कलकत्ता नगर** की स्थापना की।
- अंग्रेजों ने बंगाल में अपने साम्राज्य की नींव **प्लासी के युद्ध** (23 जून 1757 ई.) से डाली तथा **रॉबर्ट क्लाइव** को **बंगाल का प्रथम गवर्नर** बनाया गया।
- 22 अक्टूबर 1764 को **बक्सर के युद्ध** में अंग्रेज सेना विजयी हुई। बक्सर युद्ध के पश्चात **1765 में इलाहाबाद संधि** हुई। यह संधि बंगाल के नवाब मीर कासिम व ईस्ट इंडिया कम्पनी के मध्य हुई। इस संधि के अनुसार कम्पनी को बंगाल, बिहार व उड़ीसा में राजस्व वसूलने का अधिकार मिल गया।

1773 का नियामक अधिनियम

- ब्रिटिश सरकार ने कम्पनी में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं कुप्रशासन को दूर करने के लिए **1773** ई. को रेग्यूलेटिंग एक्ट पारित किया। यह भारतीय संविधान के विकास की प्रक्रिया का प्रथम चरण था।
- तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री **लार्ड नार्थ** द्वारा गठित **गुप्त समिति** की सिफारिश पर इस एक्ट को पारित किया गया—
  - इस एक्ट द्वारा **बंगाल के गवर्नर** को **बंगाल, मद्रास व बम्बई** का गवर्नर जनरल बना दिया (**पहले गवर्नर जनरल लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स थे**) एवं उसकी सहायता के लिए एक चार सदस्यीय कार्यकारी परिषद का गठन किया गया।
  - इसके द्वारा **कलकत्ता में 1774 में एक उच्चतम न्यायालय** की स्थापना की गई जिसमें एक मुख्य न्यायाधीश और तीन अन्य न्यायाधीश होते थे। मुख्य न्यायाधीश **सर एलिजा एम्पी** था।
  - इसके तहत कम्पनी के कर्मचारियों को निजी व्यापार करने और भारतीय लोगों से उपहार व रिश्वत लेना प्रतिबंधित कर दिया गया।
  - इस अधिनियम द्वारा ब्रिटिश सरकार का **कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स** (निदेशक मण्डल) के माध्यम से **कम्पनी पर** नियंत्रण सशक्त हो गया। भारतीय **राजस्व, नागरिक** और सैन्य मामलों की जानकारी ब्रिटिश सरकार को देना कम्पनी के लिए आवश्यक कर दिया गया।

पिट्स इंडिया एक्ट 1784

- पिट्स इंडिया एक्ट को **'एक्ट ऑफ सेटलमेंट'** भी कहते हैं। तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री **विलियम पिट** ने इस एक्ट को पुनः स्थापित किया। उनके नाम पर एक्ट का नाम रखा गया। इस एक्ट द्वारा ईस्ट इंडिया कम्पनी के प्रशासनिक कार्यों का पृथक्करण किया गया।
- इसके द्वारा **बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (निदेशक मण्डल)** को कम्पनी के व्यापारिक मामलों के अधीक्षण की अनुमति दी गयी लेकिन राजनैतिक मामलों के प्रबंधन के लिए **बोर्ड ऑफ कंट्रोल** की स्थापना हुई।
- इसके माध्यम से **द्वैध शासन** (दोहरा शासन) की शुरुआत हुई जो 1858 तक विद्यमान रही। एक कम्पनी के द्वारा तथा दूसरा संसदीय बोर्ड के द्वारा। यह अधिनियम दो प्रमुख कारणों से महत्त्वपूर्ण रहा—
  - भारत में **कम्पनी के अधीन** क्षेत्रों को सर्वप्रथम **ब्रिटिश आधिपत्य क्षेत्र** कहा गया।
  - ब्रिटिश सरकार को भारत में कम्पनी के कार्यों और इसके प्रशासन पर पूर्ण नियंत्रण प्रदान किया गया।

1793 का चार्टर एक्ट

- इस एक्ट के द्वारा **नियंत्रण मण्डल (Board of Control)** के सदस्यों को भारतीय राजस्व से वेतन देने की व्यवस्था की गई, जो 1919 तक जारी रही।

1813 का चार्टर एक्ट

- इस एक्ट के द्वारा कम्पनी के **भारतीय व्यापार के एकाधिकार को समाप्त** कर दिया गया यद्यपि उसके **चीन में एकाधिकार** तथा **भारत में चाय के व्यापार** के अधिकार यथावत बने रहे।
- प्रथम बार अंग्रेजों की भारत पर **संवैधानिक स्थिति** स्पष्ट की गयी।
- इस एक्ट द्वारा **ईसाई धर्म प्रचारकों** को भारत में **धर्म प्रचार की** स्वतंत्रता दी गई।
- इस एक्ट द्वारा ईस्ट इंडिया कम्पनी को निर्देश दिये गये कि वह **भारतीय शिक्षा** पर **प्रतिवर्ष एक लाख रुपये** खर्च करे।

1833 का चार्टर एक्ट

- इस एक्ट ने कम्पनी को अगले 20 वर्षों के लिए नया जीवन दिया तथा उसे एक ट्रस्टी के रूप में प्रतिष्ठित किया। इसके द्वारा **कम्पनी के**

16 भारत का भूगोल [Polity of Geography]

भारत की भौगोलिक विशेषताएँ, पर्यावरणीय एवं पारिस्थिति परिवर्तन एवं इनके प्रभाव

भारत की अवस्थिति एवं विस्तार

- भारत उत्तरी गोलार्द्ध में 8°4'–37°6' उत्तरी अक्षांश और 68°7'–97°25' पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है। संपूर्ण भारत का अक्षांशीय विस्तार 8°4'–37°6' उत्तरी अक्षांश के मध्य है। भारत का क्षेत्रफल 32 लाख 87 हजार 263 वर्ग किमी. है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में 7वाँ स्थान है जबकि जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में दूसरा स्थान है। क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़े छह देश हैं—रूस, कनाडा, चीन, स.रा. अमेरिका, ब्राजील एवं ऑस्ट्रेलिया।
- भारत का क्षेत्रफल सम्पूर्ण विश्व के क्षेत्रफल का 2.42% है जबकि इसकी जनसंख्या सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या का 18% है।
- भारत का उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम विस्तार क्रमशः 3214 किमी. एवं 2933 किमी. है।
- भारत की स्थल-सीमा की लम्बाई 15200 किमी. है। इसके तटीय भाग की लम्बाई 7516.5 किमी. है, परन्तु मुख्य भूमि के तटीय भाग की लम्बाई 6100 किमी. है।
- भारत की स्थल सीमा पर पाकिस्तान (3323 किमी.), अफगानिस्तान (106 किमी.), चीन (3488 किमी.), नेपाल (1751 किमी.), भूटान (699 किमी.), म्यांमार (1643 किमी.), बांग्लादेश (4096 किमी.), है।
- भारत का सबसे दक्षिणी बिन्दु **इन्दिरा पाइन्ट** है। यह निकोबार द्वीप समूह में स्थित है। पूर्व में इसका नाम **पिगमिलयन प्वाइन्ट** था। यह भूमध्य रेखा से 876 किमी. दूर है। भारत के सबसे उत्तरी बिन्दु **इन्दिरा कॉल** लद्दाख में है।
- भारत एवं चीन की सीमा को **मैकमोहन रेखा** कहते हैं। यह रेखा 1914 ई. शिमला में निर्धारित की गई।
- भारत और अफगानिस्तान के बीच **डूरण्ड रेखा** है जो 1896 में सर डूरण्ड द्वारा निर्धारित की गई थी। अब यह रेखा अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान के बीच है।
- भारत एवं पाकिस्तान के बीच **रेडक्लिफ रेखा** है जो 15 अगस्त, 1947 ई. को सर एम. रेडक्लिफ द्वारा निर्धारित की गई।
- दक्षिण में श्रीलंका भारत से पाक जलसंधि तथा मन्नार की खाड़ी द्वारा अलग होता है।
- भारत का मानक समय इलाहाबाद के पास नैनी से गुजरने वाली 82'.30' पूर्वी देशान्तर रेखा को माना गया है जो ग्रीनविच समय से 5.30 घंटा आगे है।
- कर्क रेखा लगभग भारत के मध्य गुजरती है यह भारत के आठ राज्यों से होकर गुजरती है—राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मिजोरम।
- सर्वाधिक राज्यों की सीमाओं से लगा राज्य उत्तर प्रदेश है। इनकी सीमा आठ राज्यों से लगती है।
- भारतीय उप महाद्वीप में सम्मिलित देश भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान आदि है।
- भारत में नौ तटवर्ती राज्य हैं इनमें सबसे लम्बी तटवर्ती सीमा गुजरात एवं सबसे छोटी तट रेखा वाला राज्य गोवा है।
- भारत के राज्य जिनकी सीमा पाकिस्तान से लगती है—जम्मू कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात आदि है।
- **भारत एवं चीन की सीमा से सटे राज्य**—जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम तथा अरूणाचल प्रदेश आदि है।
- भारत के राज्य जिनकी सीमा नेपाल से लगती है—उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उत्तराखण्ड है।
- **भूटान की सीमा से लगे राज्य** सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असोम, अरुणाचल प्रदेश है।
- **म्यांमार की सीमा से लगे राज्य**—मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम आदि है।
- **बांग्लादेश की सीमा से सटे राज्य**—असम, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, प. बंगाल आदि है।
- तीन अर्द्धचन्द्राकार समुद्र तट कन्याकुमारी में मिलते हैं।
- जोजिला दर्रे का निर्माण सिंधु नदी द्वारा शिपकीला दर्रे का निर्माण सतलज नदी द्वारा एवं जैलेप्पा दर्रे का निर्माण तिस्ता नदी द्वारा हुआ है।

भारत के प्रमुख दर्रे

दर्रे	राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश
पीरपंजाल, जोजिला, बनिहाल, बुर्जिल दर्रा	जम्मू-कश्मीर
काराकोरम, चांग-ला, थांग ला, खारदुंग ला दर्रा	लद्दाख
शिपकी, रोहतांग, देबसा, शिंकूला, बड़ालाचा दर्रा	हिमाचल प्रदेश
लिपुलेख दर्रा, मंगशा धुरा, मुलिंग ला, माना, नीति ला दर्रा	उत्तराखण्ड
नाथूला, जैलेपया दर्रा	सिक्किम
तुजू दर्रा	मणिपुर
बोम्डिला, याग्याप दर्रा, दिफू दर्रा	अरुणाचल प्रदेश

पश्चिमी घाट के दर्रे

दर्रा	ऊँचाई (मीटर में)	स्थिति
थालघाट	580	नासिक एवं मुंबई के बीच का संपर्क मार्ग
भोरघाट	520	मुंबई एवं पुणे के बीच का संपर्क मार्ग
पालघाट	530	कोयंबटूर एवं कोचीन के बीच का संपर्क मार्ग
सिनकोट	280	त्रिवेन्द्रम एवं मदुरै के बीच का संपर्क मार्ग

महत्वपूर्ण पर्यावरण दिवस		
1.	विश्व आर्द्र भूमि संरक्षण दिवस	2 फरवरी
2.	राष्ट्रीय विज्ञान दिवस	27 फरवरी
3.	विश्व वन्यजीव दिवस	3 मार्च
4.	विश्व गौरैया दिवस	20 मार्च
5.	विश्व वानिकी दिवस	21 मार्च
6.	विश्व जल दिवस	22 मार्च
7.	विश्व मौसम विज्ञान दिवस	23 मार्च
8.	विश्व स्वास्थ्य दिवस	7 अप्रैल
9.	विश्व वायुमंडल दिवस	10 अप्रैल
10.	विश्व धरोहर दिवस	18 अप्रैल
11.	अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस	22 अप्रैल
12.	अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस	3 मई
13.	विश्व प्रवासी पक्षी दिवस	8 मई
14.	राष्ट्रीय तकनीकी दिवस	11 मई
15.	विश्व जैव-विविधता दिवस	22 मई
16.	विश्व कछुआ संरक्षण दिवस	23 मई
17.	विश्व पर्यावरण दिवस	5 जून

महत्वपूर्ण पर्यावरण दिवस		
18.	विश्व समुद्र दिवस	8 जून
19.	ग्लोबल विंड डे	15 जून
20.	मरुस्थल व अनावृष्टि रोकथाम दिवस	17 जून
21.	विश्व समुद्री पक्षी दिवस	3 जुलाई
22.	विश्व जनसंख्या दिवस	11 जुलाई
23.	अन्तर्राष्ट्रीय मैग्रोव दिवस	26 जुलाई
24.	अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस	29 जुलाई
25.	अन्तर्राष्ट्रीय बलात विलुप्ति शिकार दिवस	30 अगस्त
26.	अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस	16 सितम्बर
27.	अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस	26 सितम्बर
28.	विश्व प्राकृतिक दिवस	3 अक्टूबर
29.	विश्व पक्षी दिवस	12 नवम्बर
30.	विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस	14 नवम्बर
31.	विश्व मृदा दिवस	5 दिसम्बर
32.	अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस	11 दिसम्बर
33.	राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस	14 दिसम्बर

पटवार / RSSB की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. एक दिए गए क्षेत्र के जातीय संघटन में क्रमिक और स्पष्टतया पूर्वानुमानित बदलाव कहलाते हैं— [Patwar (24.10.2021) Shift IV]
(A) पारिस्थितिकी जैवविविधता (B) जातीय प्रचुरता
(C) पारिस्थितिकी अनुक्रम (D) इनमें से कोई नहीं **[C]**
व्याख्या—एक दिए गए क्षेत्र के जातीय संघटन में क्रमिक और स्पष्टतया पूर्वानुमानित बदलाव पारिस्थितिकी अनुक्रम कहलाते हैं। इस अनुक्रम के दौरान कुछ प्रजातियाँ एक क्षेत्र का उपनिवेश करती है और उनकी आबादी अधिक हो जाती है जबकि अन्य प्रजातियों की आबादी घट जाती है। यह अनुक्रम या तो नए, निर्जन आवास के निर्माण से शुरू होता है या किसी समुदाय की गड़बड़ी से।

2. निम्न में से कौन-सा अब तक स्थापित जैवमंडल निचय में शामिल नहीं है? [Patwar (23.10.2021) Shift II]
(A) सुंदरबन (B) ग्रेट निकोबार
(C) नंदा देवी (D) कच्छ की खाड़ी **[D]**
व्याख्या—

नाम	स्थापना वर्ष	राज्य
नंदादेवी	1988	उत्तराखंड
सुंदरवन	1989	पश्चिम बंगाल
ग्रेट निकोबार	1989	अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह

उल्लेखनीय है कि कच्छ की खाड़ी को जैवमंडल निचय (biosphere reserve) में शामिल नहीं किया गया है।

3. विश्व ओजोन दिवस किस दिन मनाया जाता है? [Patwar (23.10.2021) Shift I]
(A) 16 सितम्बर (B) 20 अक्टूबर
(C) 21 नवम्बर (D) 12 दिसम्बर **[A]**
व्याख्या—ओजोन परत के क्षय के गंभीर मुद्दे और इससे निपटने के वैश्विक प्रयासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 सितम्बर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। यह वर्ष 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने का स्मृति दिवस है, जो एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है और इसका उद्देश्य ओजोन क्षयकारी पदार्थों के उत्पादन एवं खपत को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना है।

4. प्रजातियां जो केवल कुछ विशेष क्षेत्रों में पाई जाती हैं और जो आमतौर पर प्राकृतिक या भौगोलिक बाधाओं के कारण अलग-थलग हो जाती हैं वो ..... कहलाती हैं।
(A) विलुप्तप्राय: प्रजातियाँ (B) दुर्लभ प्रजातियां
(C) अतिसंवेदनशील प्रजातियाँ (D) स्थानिक प्रजातियाँ **[D]**

5. ग्रीनहाउस गैसों यथा नाइट्रस ऑक्साइड तथा मेथेन पैदा करने की सबसे अधिक संभावना निम्नलिखित में से किस जीव से की जा सकती है?
(A) कवक (B) केंचुआ (C) जीवाणु (D) हरे पौधे **[C]**

6. सबसे अधिक स्थायी पारिस्थितिक तंत्र कौन-सा है?
(A) मरुस्थल (B) महासागर (C) पर्वत (D) वन **[B]**

7. संकटग्रस्त प्रजातियों को किस रंग की डेटा बुक में दर्शाया जाता है?
(A) नीली (B) काली (C) लाल (D) हरी **[C]**

8. खाद्य-शृंखला में सबसे निचला स्तर है—
(A) उपभोक्ता (B) दूसरा उपभोक्ता
(C) उत्पादक (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[C]**

9. निम्न में से कौन-सा जोड़ा सही है?
(A) प्राथमिक उपभोक्ता-तेंदुआ (B) द्वितीयक उपभोक्ता-घास
(C) अपघटक-बैक्टीरिया (D) उत्पादक-हिरण **[C]**

10. भारत का जीवमंडल रिजर्व नंदा देवी (यूनेस्को) किस राज्य में स्थित है?
(A) उत्तराखण्ड (B) सिक्किम
(C) मेघालय (D) हिमाचल प्रदेश **[A]**

11. पृथ्वी से टकराने वाला पराबैंगनी विकिरण किसके अवक्षय के कारण होता है?
(A) कार्बन मोनोक्साइड (B) कार्बन डाइऑक्साइड
(C) ओजोन (D) ऑक्सीजन **[C]**

1 राजस्थान का भूगोल

राज्य के नवीन जिले एवं संभागीय व्यवस्था

❖ राजस्थान के एकीकरण के अंतिम चरण के दौरान 1 नवम्बर, 1956 को वर्तमान राजस्थान की भौगोलिक सीमाएँ अस्तित्व में आयी, प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की आवश्यकताओं के चलते समय-समय पर यहाँ नवीन जिलों एवं संभागों का गठन हुआ है। राजस्थान सरकार द्वारा **6 अगस्त, 2023** को जारी अधिसूचना के बाद राजस्थान के जिलों एवं संभागों की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है—

राजस्थान सरकार द्वारा 7 अगस्त, 2023 को प्रभावी अधिसूचना के बाद राजस्थान के 50 जिले

राज्य पक्षी–गोड़ावण

राज्य खेल–बॉस्केटबॉल

राज्य वृक्ष – खेजड़ी

- राजस्थान के अंतर्राज्यीय सीमा वाले जिलों में **झालावाड़** सर्वाधिक सीमा (520 किलोमीटर) बनाने वाला जिला है, जबकि **बाड़मेर** न्यूनतम अंतर्राज्यीय सीमा (14 किलोमीटर) बनाने वाला जिला है।
- केवल **बाड़मेर** व **गंगानगर** जिले राज्य की अन्तरराष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय दोनों सीमा बनाते हैं।
- जिलों के पुनर्गठन के बाद राजस्थान में **22 अन्तर्वती/अन्तःस्थलीय** जिले हो गये हैं पूर्व में इनकी संख्या **8** थी। अन्तःस्थलीय जिले ऐसे जिले होते हैं जिनकी सीमा किसी भी राज्य या देश से नहीं लगती है।
- राजस्थान के 4 जिले दो राज्यों के साथ सीमा बनाते हैं—
  1. हनुमानगढ़ — (पंजाब, हरियाणा)
  2. डीग — (हरियाणा, उत्तर प्रदेश)
  3. धौलपुर — (उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश)
  4. बाँसवाड़ा — (मध्य प्रदेश, गुजरात)
- **कोटा** राजस्थान का वह जिला है, जो एक राज्य (M.P.) के साथ दो बार सीमा बनाता है लेकिन विखण्डित नहीं होता है।
- **चितौड़गढ़** भी ऐसा जिला है जो एक राज्य (M.P.) के साथ दो बार सीमा बनाता है किन्तु विखण्डित हैं भीलवाड़ा चितौड़ जिले को दो भागों में बाँटता है।
- चितौड़ के अतिरिक्त **अजमेर** भी विखण्डित जिला था किन्तु जिलों के गठन/पुनर्गठन के बाद अजमेर विखण्डित नहीं रहा।
- बाँसवाड़ा में स्थित **मानगढ़ पहाड़ी** को लेकर गुजरात व राजस्थान दोनों राज्यों के मध्य सीमा विवाद है।
- उल्लेखनीय है कि 1913 में यहाँ भील सभा पर गोलियाँ चलाई गई थी जो मानगढ़ हत्याकांड कहलाया था।
- राजस्थान के पड़ोसी राज्यों के साथ लगने वाले जिले निम्न सारणी से स्पष्ट हैं—

क्र.स.	पड़ोसी राज्य	जिलों की संख्या	राजस्थान के जिलों के नाम जो पड़ोसी राज्यों से लगते हैं
1.	पंजाब	2 जिले	श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़
2.	हरियाणा	8 जिले	हनुमानगढ़, चूरू, झुँझुनूँ, नीम का थाना, कोटपूतली-बहरोड़, तिजारा-खैरथल, डीग, अलवर
3.	उत्तर प्रदेश	3 जिले	भरतपुर, धौलपुर, डीग
4.	मध्य प्रदेश	10 जिले	धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, कोटा, बाराँ, चितौड़, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, झालावाड़
5.	गुजरात	6 जिले	बाड़मेर, सांचौर, सिरोही, उदयपुर, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर

पटवार / RSSB की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें—
(i) श्रीगंगानगर (ii) जालौर
(iii) जोधपुर (iv) बीकानेर
कूट:
(A) (iii), (i), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (i), (iv), (iii), (ii) (D) (ii), (iv), (iii), (i) **[C]**

2. राज्य के कौनसे जिले अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दक्षिण से उत्तर की ओर स्थित है?
(A) गंगानगर, अनूपगढ़, बीकानेर, जैसलमेर एवं बाड़मेर
(B) बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, अनूपगढ़ एवं गंगानगर
(C) जालौर, जैसलमेर, अनूपगढ़, बीकानेर एवं गंगानगर
(D) गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, जालौर एवं अनूपगढ़ **[B]**

3. निम्नांकित में से राजस्थान के कौन-से जिले से होकर कर्क रेखा गुजरती है?
(A) जालौर (B) सिरोही
(C) बांसवाड़ा (D) झालावाड़ **[C]**

4. निम्न में से कौन सा राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार है?
(A) 23°03' उत्तर एवं 30°12' उत्तर
(B) 23°03' उत्तर एवं 30°12' दक्षिण
(C) 23°30' उत्तर एवं 30°21' उत्तर
(D) 23°30' दक्षिण एवं 30°12' दक्षिण **[A]**

5. क्षेत्रफल के अनुसार दिए हुए जिलों का सही अवरोही क्रम है:
(i) जैसलमेर (ii) नागौर
(iii) टोंक
(A) (iii), (ii), (i) (B) (ii), (iii), (i)
(C) (i), (ii), (iii) (D) (iii), (i), (ii) **[C]**

6. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का ..... प्रतिशत है—
(A) 9.95 प्रतिशत (B) 10.55 प्रतिशत
(C) 10.41 प्रतिशत (D) 11.45 प्रतिशत **[C]**

7. राजस्थान की पाकिस्तान के साथ अन्तरराष्ट्रीय सीमा की कुल लम्बाई है—
(A) 1050 कि.मी. (B) 1020 कि.मी.
(C) 1010 कि.मी. (D) 1070 कि.मी. **[D]**

8. निम्न में से राजस्थान के किस जिले की सीमा मध्यप्रदेश से संयुक्त है?
(A) भरतपुर (B) डूँगरपुर
(C) सिरोही (D) झालावाड़ **[D]**

राजस्थान के भौतिक विभाग

- राजस्थान के भौतिक प्रदेशों में सर्वप्रथम **अरावली** का निर्माण या उद्भव हुआ। इसके बाद क्रमशः **दक्षिण-पूर्वी पठार** एवं **पूर्वी मैदान** अस्तित्व में आए। सबसे अन्त में **पश्चिमी रेतीले मैदान (थार का मरुस्थल)** का निर्माण हुआ।

- ❖ वन्य जीवों को पास से देखने के लिए **रामसागर, झामरा** आदि स्थानों पर अवलोकन स्तम्भ बनाए गए हैं, जिन्हें रियासती ज़माने में **'औदिया'** कहा जाता था।
- ❖ यहाँ पर सांभर, नील गाय, चीतल, हिरण, जंगली सूअर एवं **एलेक्जेन्ड्रिया पेराकीट (गागरोनी तोते)** प्रमुख वन्य जीव हैं। गागरोनी तोते को **टुईया तोता** भी कहते हैं, जो मानव की बोली की हूबहू नकल करता है। इतिहासकारों ने इसे **हीरामन तोता** तथा **'हिन्दुओं का आकाश लोचन'** कहा है।
- ❖ मुकन्दरा हिल्स अभयारण्य को **राष्ट्रीय उद्यान** का दर्जा **9 जनवरी, 2012** को मिला।
- ❖ राजस्थान की **तीसरी बाघ परियोजना** मुकन्दरा हिल्स में **11 अप्रैल, 2013** में प्रारम्भ हो गयी है।

वन्य जीव अभयारण्य

अभयारण्य	अवस्थिति का जिला	स्थापना वर्ष	क्षेत्रफल	पाये जाने वाले जन्तु	विशेष विवरण
जयसमन्द अभयारण्य	सलूम्बर	**1 नवम्बर, 1955**	52.34 वर्ग किमी.	**चितकबरे हिरण**, सांभर, जंगली सूअर, चीता, तेंदुआ, काला भालू, **चकवा–चकवी**	शीतकाल में यहाँ 112 प्रजातियों के पक्षी आते हैं। यह **बहोरा** पक्षी के आश्रय स्थल के रूप में विशेष पहचान रखता है।
सरिस्का वन्य जीव अभयारण्य	अलवर	1 नवम्बर, 1955	544.22 वर्ग किमी.	मोर, बघेरा, सांभर, चीतल, नील गाय, काला खरगोश एवं हरे कबूतर	अभयारण्य क्षेत्र में सिलिसेढ़ झील, **RTDC** की **होटल टाईगर डेन,** नीलकण्ठ महादेव, गढ़राजोर का जैन मंदिर, पाराशर आश्रम, भर्तृहरि की गुफाएँ एवं पाण्डुपोल स्थित हैं। **1978-79** में प्रारम्भ राजस्थान की दूसरी बाघ परियोजना। यहाँ लगभग 200 प्रजातियों के पक्षी पाये जाते हैं।
राष्ट्रीय मरुद्यान	जैसलमेर, बाड़मेर	**1981**	3162.50 वर्ग किमी.	पिजरा, स्पेन गौरैया, तीतर, हुबारा, फुंसा, शाहीभट, डोमोजल क्रेन, **मरू बिल्ली**, लोमड़ी, **गोह**, चिंकारा, सेंडफिश, भेड़िया, खरगोश, **कोबरा, पीवणा साँप**	क्षेत्रफल की दृष्टि से यह **राज्य का सबसे बड़ा अभयारण्य** है। इसे **'गोडावण की शरणस्थली'** भी कहा जाता है।
तालछापर अभयारण्य	चूरू	**1962**	7.19 वर्ग किमी.	**काले हिरणों** एवं **प्रवासी पक्षी कुरजां**	अभयारण्य में **तालछापर** नामक झील है जहाँ वर्षाकाल में **मोचिया साइप्रस रोटन्डस** नामक नर्म घास उगती है। महाभारत काल में छापर **'द्रोणपुर'** के नाम से जाना जाता था।
वन विहार अभयारण्य	धौलपुर	1 नवम्बर, 1955	25.60 वर्ग किमी.	**रीछ,** शेर, चीता, सांभर, चीतल, बघेरा एवं नीलगाय	**तालाब ए शाही झील** व चम्बल नदी की निकटता से यह अभयारण्य पक्षियों की उत्तम आश्रय स्थली है।
माउण्ट आबू अभयारण्य	सिरोही	**15 अप्रैल, 1960**	103.967 वर्ग किमी.	जंगली मुर्गा, रीछ, जरख, नीलगाय, भेड़िया, शेर, चीता, तेंदुआ, चिंकारा, चीतल, जंगली सूअर, तीतर एवं बटेर	इस अभयारण्य में **प्राकृतिक रूप से उगे फलों के बाग** पाए जाते हैं। यहाँ पर उगने वाली विशेष घास को स्थानीय भाषा में **'कारा'** कहते हैं। **'आबू एन्सिस डिकिल्पटेरा'** नामक वनस्पति के लिए प्रसिद्ध है।
जवाहर सागर अभयारण्य	कोटा, बूँदी, चित्तौड़गढ़	9 अक्टूबर, 1975	194.6 वर्ग किमी.	घड़ियाल व मगरमच्छ	यहाँ पर **कोटा बाँध, गैपरनाथ का मंदिर** एवं **गरडिया महादेव** स्थित है। यहाँ बाँस के सघन वन पाए जाते हैं। यह एक **जलीय अभयारण्य** हैं।
दर्रा अभयारण्य	कोटा, झालावाड़	**1 नवम्बर, 1955**	227.63 वर्ग किमी.		यह अभयारण्य मुकन्दरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान से सटा हुआ है।
कुम्भलगढ़ अभयारण्य	राजसमंद, पाली, उदयपुर	**13 जुलाई, 1971**	610.53 वर्ग किमी.	सांभर, रीछ, भालू, बारहसिंघा एवं **जंगली भेड़िया**	**कुम्भलगढ़ दुर्ग, जैन तीर्थ रणकपुर** एवं **मूँछला महावीर** इसी क्षेत्र में स्थित हैं।
रामगढ़ विषधारी अभयारण्य	बूँदी	**20 मई, 1982**	303.05 वर्ग किमी.	**जंगली कुत्ते**, बाघ, नीलगाय, हिरण, बघेरा, जंगली मुर्गे	

सभ्यता का नाम	खोजकर्ता/उत्खननकर्ता	विशेष विवरण
सुनारी, खेतड़ी (नीमकाथाना)		**लौहयुगीन सभ्यता** जहाँ से लौह **अयस्क गलाने की भट्टी, लोहे के अस्त्र-शस्त्र** व **बर्तन प्राप्त हुए** हैं। यहाँ के निवासी चावल व माँस खाते थे तथा घोड़ों का प्रयोग रथ खींचने में करते थे। **अन्य लौहयुगीन सभ्यता (आर्य सभ्यता) स्थल :** जोधपुरा (जयपुर), चक चौरासी व तरखानवाला डेरा (गंगानगर), **नोह** (भरतपुर) **विराट नगर** (कोटपूतली-बहरोड़)।
नगरी (माध्यमिका), चित्तौड़गढ़	**डॉ. भण्डारकर** (1904) / **केन्द्रीय पुरातत्व विभाग** द्वारा	**शिवि जनपद** के सिक्के व गुप्तकालीन कला के अवशेष मिले हैं।
नगर (मालव नगर), उणियारा (टोंक)		मालव सिक्के व आहत मुद्राएँ एवं गुप्तकालीन लेख प्राप्त हुए हैं।
तिलवाड़ा, बालोतरा	**वी.एन. मिश्रा एवं डॉ. ब्रेशनि** (1967-68)	लूनी नदी के किनारे स्थित इस सभ्यता के उत्खनन में 500 ई.पू. से 200 ई. तक की सभ्यताओं के अवशेष प्राप्त हुए हैं।
बिनजोर (अनूपगढ़)		अनूपगढ़ के निकट बिनजोर नामक स्थान से सिन्धु घाटी की औद्योगिक गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण पुरातात्विक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।
रैढ़, निवाई (टोंक)	**केदारनाथ पुरी** (1938–40)	प्राचीन भारत का **टाटा नगर** कहलाता है। उत्खनन में लौह का विशाल भण्डार प्राप्त हुआ है।
गुरारा, सीकर		यहाँ चाँदी से बने 2744 **पंचमार्क सिक्के** मिले है।
नूआँ, झुँझुनूँ		इस कस्बे में एक प्राचीन हवेली की खुदाई के दौरान अंतिम मुगल बादशाह **बहादुर शाह जफर** के समय में ईस्ट इंडिया कम्पनी की ओर से जारी एक रुपए मूल्य के **चाँदी के हजारों सिक्के** मिले हैं।
ओला, जैसलमेर		इस क्षेत्र में 60 हजार से 1 लाख वर्ष पुरानी पाषाण कालीन सामग्री मिली है।
कुंडा, जैसलमेर		यहाँ उत्खनन के दौरान 5000 वर्ष पुरानी सभ्यता के अवशेष मिले हैं।
पारेवार व सानू, जैसलमेर		इस गाँव के चूहे के दांत के विश्व में प्राचीनतम (9 से 14 करोड़ साल पुराने क्रिटेशियम काल के) जीवाश्म मिले हैं। राज्य में रीढखम्भधारी श्रेणी के 3 प्रमुख वर्गों स्तनधारी, सरीसृप एवं मत्स्य के **जीवाश्मों की यह पहली व्यवस्थित खोज है।**
सोथी, बीकानेर	**अमलानंद घोष** (1953)	इस स्थल से हड़प्पायुगीन अवशेष प्राप्त हुए हैं। इसे **कालीबंगा-प्रथम** के नाम से भी जाना जाता है।
जहाजपुर, शाहपुरा		ऐतिहासिक स्थल जहाँ स्थित **बड़ा देवरा** (पुराने मंदिरों का समूह), पुराना किला व गैबीपरी मस्जिद दर्शनीय है। यहाँ महाभारतकालीन अवशेष मिले हैं।
कणसवा, कोटा		यहाँ 738 ई. का एक अभिलेख मिला, जो मौर्यवंशीय राजा **'धवल'** से संबंधित है।
तिपटिया, कोटा		दर्रा वन्य जीव अभयारण्य में स्थित उत्तर-पाषाण काल से ऐतिहासिक युग तक के 37000 साल पुराने शैल चित्रों का प्राप्ति स्थल।
डाडाथोरा, बीकानेर		यहाँ से लघु पाषाणकाल की पुरातात्विक सामग्री प्राप्त हुई है।

राजस्थान के पुरातात्त्विक स्थल : एक दृष्टि में

संस्कृति काल	स्थल
पुरा पाषाण काल	डीडवाना (डीडवाना-कुचामन), जायल (नागौर), विराटनगर (कोटपूतली-बहरोड़), भानगढ़ (अलवर), इन्द्रगढ़ (बूँदी), दर (भरतपुर)
मध्यपाषाण काल	बागौर (भीलवाड़ा), तिलवाड़ा (बालोतरा), विराटनगर (कोटपूतली-बहरोड़)
नवपाषाण काल	आहड़, गिलूण्ड (उदयपुर), कालीबंगा (हनुमानगढ़)
ताम्रपाषाण काल	बागौर (भीलवाड़ा), तिलवाड़ा (बालोतरा) बालाथल (वल्लभनगर, उदयपुर)
ताम्र युगीन	गणेश्वर (नीमकाथाना), बेणेश्वर (डूँगरपुर), नन्दलालपुरा, किराड़ोत, चीथवाड़ी (जयपुर) साबणियाँ, पूंगल (बीकानेर), बूढ़ा पुष्कर (अजमेर), कुराड़ा, परबतसर (डीडवाना-कुचामन), पिण्ड पाड़लिया (चित्तौड़), ऐलाना (जालौर), कोल माहौली (सवाई माधोपुर), मलाह (भरतपुर) आदि
लौह युगीन	नोह (भरतपुर), विराटनगर, जोधपुरा (कोटपूतली-बहरोड़), सांभर (जयपुर), सुनारी (झुँझुनूँ), रैढ, नगर, नैनवा (टोंक), भीनमाल (जालौर), नगरी (चित्तौड़गढ़)

पटवार / RSSB की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. ब्रिटिशकाल के दौरान राजस्थान में खरड़ा क्या था?
[Patwar (24.10.2021) Shift IV]
(A) राज्य की सेना जब किसी गाँव के पास पड़ाव डालती, तो उसके भोजन के लिए गाँव के लोगों से वसूल किया जाने वाला धन।
(B) गढ़ के निर्माण व मरम्मत हेतु दो रुपए प्रति घर से वसूले जाते थे।
(C) श्रमजीवी जातियों से वसूली जाने वाली राशि।
(D) इनमें से कोई नहीं **[C]**
व्याख्या—ब्रिटिश काल के दौरान श्रमजीवी जातियों से वसूली जाने वाली राशि को **'खरड़ा'** कहा जाता था।

2. राजस्थान की प्राचीन रियासत के संदर्भ में कांसा परोसा क्या था? [Patwar (24.10.2021) Shift III]
(A) सिंचाई की एक किस्म (B) इनमें से कोई नहीं
(C) एक प्रकार की लाग (कर)(D) भूमि का एक प्रकार **[C]**
व्याख्या—राजस्थान की प्राचीनतम रियासत के संदर्भ में कांसा परोसा एक प्रकार की लाग (कर) थी। इसे सामाजिक कर के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह कर किसानों से विवाह एवं मृत्युभोज के अवसर पर वसूला जाता था।

3. राजस्थान में उत्पादन क्षमता के आधार पर भूमि के प्रकार हकत-बहत का अर्थ है— [Patwar (23.10.2021) Shift II]
(A) सिंचाई एवं कृषि के लिए उपयुक्त भूमि
(B) गाँव के समीप चक भूमि (संलग्न)
(C) संपूर्ण वर्ष खेत को बिना खेती के छोड़न
(D) नहर द्वारा सिंचित भूमि **[A]**
व्याख्या—राजस्थान में उत्पादन क्षमता के आधार पर भूमि के प्रकार हकत-बहत का अर्थ - सिंचाई एवं कृषि के लिए उपर्युक्त भूमि है।

4. मेवाड़ राज्य में सामंतों की श्रेणी कहलाती थी?
(A) कोटड़ी (B) उमराव
(C) जीवणी (D) हजूरथी **[B]**

5. मारवाड़ में सामंतों की चार श्रेणियों में जो शामिल नहीं थी?
(A) राजवी (B) सरदार
(C) गनायत (D) उमराव **[D]**

6. वह जागीर जो धमार्थ या शिक्षण कार्य हेतु कर मुक्त भूमि के रूप में दी जाती थी—
(A) सामंत जागीर (B) हुकुमत जागीर
(C) भौम जागीर (D) सासण जागीर **[D]**

7. खड़ी फसल को देखकर अनुमानित लगान वसूलने की विधि थी?
(A) डोरी (B) कूंता
(C) मुकाता (D) घूघरी **[B]**

8. निम्न में से कौन-सी भू-राजस्व व्यवस्था राजा टोडरमल से संबंधित है?
(A) बटाई (B) जरीब
(C) जब्ती (D) कनकट **[C]**

9. राजस्थान के इतिहास में 'पट्टा रेख' से क्या अभिप्राय है?
(A) बेगार (B) आयात-निर्यात कर
(C) सैन्य कर (D) आकलित राजस्व **[D]**

10. मध्ययुगीन राजस्थान के सामाजिक-आर्थिक जीवन के संदर्भ में 'पंचकुल' है?
(A) जाति पंचायत (B) उच्चवर्गों के लिए गुरुकुल
(C) ग्रामीण परिषद् (D) मन्दिर पंचायत **[C]**

11. 'डाबी' और 'जीवणी' सामन्तों की श्रेणी राजस्थान में कहाँ प्रचलित थी?
(A) जैसलमेर (B) उदयपुर
(C) मारवाड़ (D) कोटा **[A]**

12. मारवाड़ के वे सामंत, जिन्हें राजा का निकट संबंधी होने के कारण तीन पीढ़ियों तक चाकरी और रेख देने से मुक्त रखा जाता था, कहलाते थे—
(A) राणावत (B) कुम्पावत
(C) राजवी (D) सरदार **[C]**

13. राजवी, सरदार, मुत्सदी और गनायत किस राज्य में सामन्तों की श्रेणियाँ थी?
(A) मारवाड़ (B) हाडौती
(C) जयपुर (D) मेवाड़ **[A]**

14. बारह कोटड़ी नामक सामंती व्यवस्था का संबंध किस राज्य से है?
(A) आमेर राज्य (B) मेवाड़ राज्य
(C) मारवाड़ राज्य (D) बीकानेर राज्य **[A]**

15. लाटा और कूंता का संबंध है—
(A) मारवाड़ के जमींदारों द्वारा किसानों पर लगाये गए कर से
(B) सुविधाओं पर लगाये कर से
(C) उपज पर कर आंकने की पद्धति से
(D) चुंगी कर से **[C]**

16. मुगल सम्राट की आज्ञानुसाद राजपूताना में शाही पदाधिकारी द्वारा जारी किये जाने वाले कागजात कहलाते थे—
(A) खरीता (B) मन्सूर
(C) फरमान (D) हस्बुल हुक्म **[D]**

17. मध्यकालीन प्रशासनिक व्यवस्था में सैन्य विभाग का मुखिया होता था?
(A) प्रधान (B) बक्षी
(C) मुत्सद्दी (D) शिकदार **[B]**

18. मध्यकालीन राजस्व व्यवस्था में नौकरशाहों के रूप में नियुक्त किया जाता था—
(A) मुत्सद्दी (B) शिकदार
(C) अक्षपटलिक (D) भाण्डारिक **[A]**

19. राज्य की आय-व्यय का ब्यौरा रखने वाला अधिकारी कहलाता था—
(A) अक्षपटलिक (B) बक्षी
(C) मुत्सद्दी (D) भाण्डारिक **[A]**

व्याख्या—शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध अर्थूणा मंदिर बाँसवाड़ा जिले में स्थित है। यहाँ स्थित मंदिरों में मंडलेश्वर मंदिर सबसे प्राचीन है। यह मंदिर पंचायतन प्रकार का है। यहाँ नीलकण्ठ महादेव मंदिर, कुम्भेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, कनफटा साधु मंदिर आदि बने हुए हैं।

5. सूची–I (विरासत) का सूची–II (स्थान) के साथ मिलान करें और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनें :

[Patwar (24.10.2021) Shift III]

सूची–I	सूची–II
a. गजनेर महल	1. बाड़मेर
b. किराडू मंदिर	2. उदयपुर
c. जग मंदिर	3. बीकानेर

कूट :	a	b	c	
(A)	2	1	3	
(B)	3	1	2	
(C)	3	2	1	
(D)	1	2	3	**[B]**

व्याख्या—राजस्थान के उपर्युक्त विरासत स्थलों का स्थान से सही मिलान इस प्रकार है–

गजनेर महल	बीकानेर
किराडू मंदिर	बाड़मेर
जग मंदिर	उदयपुर

6. निम्न में से कौन–सा जोड़ा गलत है? [Patwar (23.10.2021) Shift II]

(A) एकलिंगजी मंदिर – उदयपुर
(B) करणी माता मंदिर – देशनोक
(C) सूर्य मंदिर – भरतपुर
(D) मीराबाई मंदिर – चित्तौड़गढ़, मेड़ता **[C]**

व्याख्या—सूर्य मंदिर भरतपुर जिले में स्थित नहीं है। राजस्थान के पाली, झालावाड़ एवं जयपुर जिले में प्रसिद्ध सूर्य मंदिर है।

7. निम्नलिखित को सुमेलित करें— [Patwar (23.10.2021) Shift II]

a. तारागढ़ किला	**1. जोधपुर**
b. जयगढ़	**2. अजमेर**
c. कीर्ति स्तंभ	**3. चित्तौड़गढ़**
d. मेहरानगढ़ किला	**4. जयपुर**

कूट :	a	b	c	d	
(A)	2	4	3	1	
(B)	1	2	3	4	
(C)	2	4	1	3	
(D)	1	3	4	2	**[A]**

व्याख्या—उपर्युक्त दुर्ग/इमारतों का स्थान से सही मिलान इस प्रकार हैं—

a. तारागढ़ किला	**1. अजमेर**
b. जयगढ़	**2. जयपुर**
c. कीर्ति स्तंभ	**3. चित्तौड़गढ़**
d. मेहरानगढ़ किला	**4. जोधपुर**

8. 'हवा महल' जयपुर के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से प्रश्न का उत्तर दीजिए—

[Patwar (23.10.2021) Shift II]

1. हवा महल एक पाँच मंजिला संरचना है।
2. हवा महल महाराजा सवाई प्रताप सिंह द्वारा बनवाया गया था।
3. हवा महल में 983 झरोखे या जटिल डिजाइनों से सजाई गई खिड़कियाँ हैं।

हवा महल के बारे में ऊपर दिए गए कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

(A) 1 और 3 (B) 1 और 2
(C) 2 और 3 (D) 1, 2 और 3 **[B]**

व्याख्या—जयपुर के सवाई प्रतापसिंह (1778-1803 ई.) ने 1799 ई. में जयपुर में 5 मंजिला हवामहल बनवाया। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। हवामहल का वास्तुकार उस्ताद लालचंद था। हवामहल में 365 खिड़कियों सहित 953 जालियाँ हैं।

9. चित्तौड़गढ़ के विजय स्तंभ के बारे में निम्न तथ्यों को पढ़िये :
1. यह प्रसिद्ध है कि इसे महाराणा कुम्भा ने बनवाया था।
2. इसकी कुल 11 मंजिलें हैं।
3. इसमें जैता की मूर्ति उत्कीर्ण है।
उपर्युक्त में से सही तथ्य हैं [Patwar (23.10.2021) Shift I]

(A) 1, 2, 3 (B) 1, 2
(C) 2, 3 (D) 1, 3 **[D]**

व्याख्या—महाराणा कुंभा ने 1437 ई. में मालवा के शासक महमूद खिलजी के विरुद्ध सारंगपुर युद्ध में विजय के उपलक्ष्य में चित्तौड़गढ़ में विजय स्तम्भ का निर्माण करवाया। इस नौ मंजिले एवं 122 फीट ऊँचे स्तम्भ को भारतीय मूर्तिकला का विश्वकोष कहते है। विजयस्तम्भ का निर्माण प्रधान शिल्पी जैता व उसके तीन पुत्रों नाथा, पोमा और पूँजा की देखरेख में हुआ।

10. पृथ्वीराज की '12 खम्भों की छतरी' निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

(A) मेहरानगढ़ किला (B) गोगुन्दा किला
(C) चित्तौड़गढ़ किला (D) कुंभलगढ़ किला **[D]**

11. मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थित चामुण्डा माता मंदिर की स्थापना किसने की थी?

(A) राव कल्याणमल (B) राव जोधा
(C) महाराज अजीत सिंह (D) दुर्गादास **[B]**

12. बडोली (कोटा) के शिव मंदिर का निर्माण किसने करवाया?

(A) तोरमाण (B) मिहिरकुल
(C) भोज परमार (D) भोज प्रतिहार **[B]**

13. मेवाड़ राज घराने के अन्त्येष्टि स्थल का नाम क्या है?

(A) कागा (B) गेटोर (C) महासतियाँ (D) बड़ा बाग **[C]**

14. आभानेरी तथा राजौरगढ़ के कलात्मक वैभव किस काल से संबंधित है?

(A) गुर्जर—प्रतिहार (B) चौहान
(C) गुहिल—सिसोदिया (D) राठौड़ **[A]**

15. चित्तौड़गढ़ दुर्ग के प्रथम द्वार 'पाडन पोल' के पास बने चबूतरे पर निम्न में से किसका स्मारक बना हुआ है?

(A) जयमल राठौड़ (B) पत्ता सिसोदिया
(C) कल्ला राठौड़ (D) रावत बाघ सिंह **[D]**

नाम (जन्म स्थल)	विशेष विवरण
नारायणी देवी आचार्य	स्वतंत्रता सेनानी माणिक्यलाल वर्मा की पत्नी नारायणी देवी का राजस्थान की महिला स्वतंत्रता सेनानियों में अग्रणी स्थान है। इन्होंने देश में महामारी के दौरान मरीजों की मदद की तथा 1939 में वर्माजी के जेल जाने पर मेवाड़ प्रजामण्डल का संचालन किया। 14 नवम्बर, 1944 को भीलवाड़ा में महिला आश्रम की स्थापना की। 1952-53 में आदिवासी कन्या छात्रावास की स्थापना की।

पटवार / RSSB की विगत भर्ती परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नोत्तर

1. 'चिडावा का गाँधी' किसे कहा गया है? [Patwar 2016]
(A) सरदार हरलाल सिंह (B) सेठ घनश्याम दास बिड़ला
(C) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता (D) राधाकृष्ण बोहरा **[C]**
व्याख्या—1922 ई. में प्यारेलाल गुप्ता ने खेतड़ी ठिकाने के चिड़ावा कस्बे में अमर सेवा समिति की स्थापना की। उन्हें 'चिड़ावा के गांधी' के नाम से जाना जाता है।

2. निम्न में से किसे भू-दान और कूप-दान कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण भारत सरकार ने 1956 में, पद्म विभूषण से सम्मानित किया?
(A) रतन शास्त्री (B) अंजना देवी चौधरी
(C) जानकी देवी बजाज (D) नारायणी देवी वर्मा **[C]**

3. 'भारतीय प्राचीन लिपिमाला' के प्रसिद्ध लेखक हैं—
(A) रामकर्ण आसोपा (B) विश्वेश्वरनाथ रेऊ
(C) मुनि जिन विजय (D) गौरीशंकर हीराचंद ओझा **[D]**

4. किसके नेतृत्व में, 25 अप्रैल, 1934 को कटराथल में आयोजित विशाल महिला सम्मेलन में हजारों महिलाओं ने भाग लिया?
(A) रमा देवी (B) उत्तमा देवी
(C) किशोरी देवी (D) दुर्गा देवी **[C]**

5. जेल में अन्याय के खिलाफ भूख हड़ताल के कारण मारवाड़ लोक परिषद् के किस नेता की मृत्यु 19 जून, 1942 को हुई?
(A) रणछोड़दास गट्टानी (B) आनंद राज सुराणा
(C) भंवरलाल शर्मा (D) बाल मुकुंद हिस्सा **[D]**

6. 'जैसलमेर का गुंडाराज' पुस्तक के लेखक निम्न में से कौन थे?
(A) सागरमल गोपा (B) हीरालाल शास्त्री
(C) जयनारायण व्यास (D) माणिक्यलाल वर्मा **[A]**

7. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
(A) विजय सिंह पथिक—टॉडगढ़ जेल
(B) अर्जुनलाल सेठी—बेलूर जेल
(C) केसरी सिंह बारहठ—हज़ारीबाग जेल
(D) जोरावर सिंह—बरेली जेल **[D]**

8. राजस्थान महिला परिषद की स्थापना, उदयपुर में 1947 में, किसके द्वारा हुई थी?
(A) अरुणा राय (B) इंदुमती गोयनका
(C) दुर्गावती देवी (D) शांता त्रिवेदी **[D]**

9. 'अर्ली चौहान डाइनेस्टीज' के लेखक हैं—
(A) जी.ए. ग्रियर्सन (B) दशरथ शर्मा
(C) जी.एच. ओझा (D) जी.एन. शर्मा **[B]**

10. हटुण्डी (अजमेर) में गाँधी आश्रम की स्थापना ..... के द्वारा की गई।
(A) अर्जुनलाल सेठी (B) हरिभाऊ उपाध्याय
(C) जमनालाल बजाज (D) माणिक्य लाल वर्मा **[B]**

11. शिक्षा संत के रूप में, प्रसिद्ध स्वामी केशवानन्द का जन्म कहाँ हुआ?
(A) बाणासुर गाँव (B) मंगलूना गाँव
(C) हरनावा गाँव (D) रामपुरा बेरी **[B]**

12. निम्नलिखित में से किस षडयंत्र केस में प्रतापसिंह बारहठ को कारावास दिया गया?
(A) अलीपुर षडयंत्र मुकदमा (B) लाहौर षडयंत्र मुकदमा
(C) उदयपुर षडयंत्र मुकदमा (D) बनारस षडयंत्र मुकदमा **[D]**

13. केसरीसिंह बारहठ ने 'चेतावनी रा चुंगटिया' किसको सम्बोधित करके लिखा?
(A) महाराणा प्रतापसिंह (B) महाराणा फतेह सिंह
(C) महाराणा अजीत सिंह (D) मिर्जा राजा जयसिंह **[B]**

14. वनस्थली विद्यापीठ से सम्बन्धित थी—
(A) रतन शास्त्री (B) महिमा देवी
(C) कस्तूरबा गाँधी (D) नारायणी देवी **[A]**

15. स्वतंत्रता सेनानी विजय सिंह पथिक निम्नलिखित में से किस समाचार पत्र के संपादक थे?
(A) हरिजन (B) राजस्थान केसरी
(C) तलवार (D) समाचार दर्पण **[B]**

16. स्वामी दयानंद सरस्वती ने उदयपुर में किस संस्था की स्थापना की?
(A) आर्य समाज (B) इजलास सभा
(C) परोपकारिणी सभा (D) महाइन्द्राज सभा **[C]**

17. महर्षि दयानन्द का स्वर्गवास निम्न में से किस स्थान पर हुआ?
(A) जयपुर (B) अलवर
(C) अजमेर (D) जोधपुर **[C]**

18. कालीबाई राजस्थान के किस आन्दोलन से सम्बन्धित है?
(A) बिजौलिया आन्दोलन (B) बेगू आन्दोलन
(C) रास्तापाल आन्दोलन (D) स्वदेशी आन्दोलन **[C]**

19. 'जीवन कुटीर के गीत' निम्न में से किसके द्वारा लिखा गया?
(A) जयनारायण व्यास (B) हरिभाऊ उपाध्याय
(C) हीरालाल शास्त्री (D) गोकुलभाई भट्ट **[C]**

20. निम्न में से किसने माउण्ट आबू के राजस्थान में विलय में महत्वपूर्ण योगदान किया?
(A) हीरालाल शास्त्री (B) सिद्धराज ढड्ढा
(C) गोकुल भाई भट्ट (D) विश्वमोहन भट्ट **[C]**

21. सागरमल गोपा का सम्बन्ध किस रियासत से है?
(A) बीकानेर (B) उदयपुर
(C) जैसलमेर (D) किशनगढ़ **[C]**

22. मेवाड़ के रक्षक के रूप में निम्न में किसका स्मरण किया जाता है—
(A) झाला बीदा (B) भामाशाह
(C) महासहालीरामा (D) महाराणा प्रताप **[A]**

23. किसके नेतृत्व में, शेखावाटी किसान आंदोलन में 10,000 से अधिक जाट महिलाओं ने भाग लिया?
(A) उत्तमा देवी (B) किशोरी देवी
(C) रामदेवी (D) दुर्गा देवी शर्मा **[B]**

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें











दक्ष प्रकाशन
(A Unit of College Book Centre)
A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)
फोन नं. 0141-2604302
Code No. D-774 | ₹ 680/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें
★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★